स्कूल सेविंग (बचत) बोनस (School Saving Bonus)

सरकारी स्कूल के माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए सूचना

स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) के बारे में

विक्टोरियन सरकार एकमुश्त $400 स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) प्रदान करके परिवारों के लिए जीवन को थोड़ा आसान बना रही है।

यह समर्थन स्कूल की वर्दियों, पाठ्यपुस्तकों और शिविरों, भ्रमण और खेल जैसी स्कूल गतिविधियों की लागत को कवर करने में मदद करेगा।

स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) कैंप, स्पोर्ट्स एंड एक्सकर्शन फंड (CSEF) और अफोर्डेबल स्कूल यूनिफॉर्म प्रोग्राम के लिए मौजूदा और निरंतर आय जाँच-आधारित समर्थन के अतिरिक्त है।

टर्म 4, 2024 में स्कूलों और परिवारों को स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) प्रदान किया जाएगा।

स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) कौन प्राप्त करता है

स्कूल सेविंग बोनस 2025 में, प्रेप से कक्षा 12 तक के सभी विक्टोरियन सरकारी स्कूल के छात्रों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, लेकिन पूर्ण-शुल्क का भुगतान करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों, होम स्कूल्ड छात्रों, TAFE छात्रों और 2025 में किंडरगार्टन में भाग लेने वाले छात्रों को छोड़कर।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए कार्रवाइयां

उपरोक्त स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) पात्रता को पूरा करने वाले बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं को **शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024** तक निम्नलिखित कार्य करने होंगे:

- **नामांकन पूरा करना**

  यदि आपका बच्चा, या बच्चे टर्म 1 2025 के लिए सरकारी स्कूल बदल रहे हैं, या 2025 में प्रेप या कक्षा 7 शुरू कर रहे हैं, तो कृपया नामांकन पूरा करें। और अधिक जानकारी के लिए, स्कूल में नामांकन के बारे में पढ़ें।

- **अपनी संपर्क जानकारी जांचें**

  सुनिश्चित करें कि आपकी संपर्क जानकारी आपके स्कूल के साथ अप टु डेट है। आप सीधे अपने स्कूल से संपर्क करके इस जानकारी की जांच कर सकते/ती हैं।

$400 स्कूल बचत बोनस (School Saving Bonus) तक पहुँच प्राप्त करना

आपको स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

शिक्षा विभाग आपको नवंबर 2024 में आपके $400 स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) के साथ ईमेल करेगा। आप इसे ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से एक्सेस कर पाएंगे/गी।

आप तय कर सकते/ती हैं कि अपने परिवार की जरूरतों के लिए स्कूल सेविंग बोनस का सर्वोत्तम उपयोग कैसे करें। आप चुन सकते/ती हैं कि ऑनलाइन सिस्टम में $400 कैसे आवंटित करें।

बोनस का उपयोग 2025 स्कूल की लागतों के लिए किया जा सकता है, जिसमें शामिल हो सकते हैं:

- शिविर, यात्राएं, भ्रमण और इंकर्शंस
- तैराकी और खेलकूद कार्यक्रम
- आउटडोर शिक्षा कार्यक्रम
- ग्रैजुएशन समारोह
- स्कूल की वर्दियां
- पाठ्यपुस्तकें।

बोनस का उपयोग आपके स्कूल की अनुमोदित पाठ्यपुस्तक या वर्दी आपूर्तिकर्ताओं में या तो इन-स्टोर या ऑनलाइन, या State Schools' Relief के माध्यम से किया जा सकता है। आपूर्तिकर्ताओं की सूची में स्कूल की वर्दी या किताबों की दुकान शामिल हो सकती है। पाठ्यपुस्तकों और वर्दियों को आवंटित करने के लिए आप जो भी राशि चुनते/ती हैं, वह 30 जून 2025 तक मान्य होगी। फिर यह भविष्य की गतिविधियों के लिए आपके बच्चे के स्कूल खाते में स्थानांतरित हो जाएगी।

यदि यह सब 2025 में खर्च नहीं किया जाता है, तो भविष्य के वर्षों में उपयोग के लिए फंड रोल ओवर हो जाएगा।

एक से अधिक पात्र बच्चों वाले परिवार

जिन परिवारों के एक ही स्कूल में एक से अधिक बच्चे हैं, वे अपने स्कूल सेविंग बोनस भुगतानों को एक बच्चे पर या किसी विशिष्ट गतिविधि के लिए उपयोग करने के लिए जोड़ सकते हैं। इसलिए, उदाहरण के लिए, 3 बच्चों वाला एक परिवार, जो सभी सरकारी स्कूल के छात्र हैं, वह $1,200 की राशि का समर्थन प्राप्त करेंगे और यह चुनेंगे कि वे उन निधियों को कैसे खर्च करते हैं। स्कूल सेविंग बोनस को अलग-अलग स्कूलों में नहीं जोड़ा जा सकता है।

और अधिक जानकारी

स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) के बारे में और अधिक जानने के लिए vic.gov.au/school-saving-bonus पर जाएं। अनुवादित जानकारी अगले कुछ हफ्तों में स्कूल सेविंग बोनस (School Saving Bonus) वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी।

© विक्टोरिया राज्य (शिक्षा विभाग) 2024. यदि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, तो इस दस्तावेज़ में निहित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत प्रदान की गई है। कृपया पूर्ण कॉपीराइट नोटिस देखें।